संख्या-7/2017/710/71-आयुष-2-2017-9(बी)/2007टी0सी

प्रेषक,

डा0 अनिता भटनागर जैन,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
होम्योपैथी,
उ0प्र0 लखनऊ।

आयुष अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 31 मार्च, 2017

विषय- वित्तीय वर्ष 2016-17 में जनपद अलीगढ में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के भवन निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-1/2016-बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनॉक 22-3-2016 के क्रम में आपके पत्र संख्या-नि0हो0//1041/बज्ट/प्लान/16-17/3727, दिनांक 24-3-2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज अलीगढ के भवन निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-83 के अंतर्गत उपलब्ध बजट प्राविधान रू0 932.41 लाख में से रू0 522.46 लाख (रू0 पॉच करोड बाइस लाख छियालिस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1- प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।
2- कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।
3- पी0एफ0ए0डी0 की शर्तो एवं वित्त विभाग बजट-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22-3-2016 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।
4- स्वीकृत की जा रही धनराशि कोषागार से तत्काल आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी, स्वीकृति धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा, जिस कार्य हेतु स्वीकृति की जा रही है ।
5- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक एवं दिशा निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।
6- स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद व उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
7- स्वीकृत की जा रही धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0/बैंक खाते में नही रखी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

8- यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलत नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य श्रोत से धनराशि स्वीकृत नही की गयी है।

2- उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 83 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-03-राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज की स्थापना-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016-बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनॉक 22-3-2016 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किए जा रहे है।

भवदीया,

(डा0 अनिता भटनागर जैन)
अपर मुख्य सचिव

संख्या- 7/2017/710(1)/71-आयुष-2017 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- जिलाधिकारी, अलीगढ।
4- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ
5- निदेशक/महाप्रबन्धक सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम।
6- परियोजन प्रबन्धक, सी0एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम अलीगढ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग 1/2/(समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ)
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(लक्ष्मण सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।